भास्वानुदेतु यदि पश्चिमदिग्विभागे
मेरुश्चलेद् भवतु शीततमोऽनलश्च ।
चन्द्रो जहातु निजशैत्यगुणं विशिष्टं
भाव्यं तथापि न कदापि तदन्यथा स्यात् ॥११२॥

विद्यालङ्कारेति विशिष्टपदभाजा
श्रीहजारीलालशास्त्रिणा प्रणीते
शिवप्रतापविरुदावलीनामखण्डकाव्ये
नृपप्रतापविजयनाम प्रथमशतकं समाप्तम् ।

(भैया) अब इस अकथनीय कथा को जाने दो। चतुरपुरुष गत बात की चिन्ता नहीं किया करते हैं। होनहार कभी टल नहीं सकती। इस प्रकार धैर्यधारी राणा प्रताप अपने भाई शक्तिसिंह को ढाढस देता है ॥१११॥

चाहे सूर्य पश्चिम दिशा में निकलने लग जावे, स्वर्णमेरु पर्वत चाहे चल पड़े, अग्नि चाहे शीतल हो जाए, चन्द्रमा चाहे अपनी शीतलता छोड़ दे, पर भावी कभी नहीं टल सकती ॥११२॥

स्वर्गीय भूमानन्द शास्त्री प्रभाकर बी० ए० (लेखक के सुपुत्र) द्वारा रचित "शिवप्रतापविरुदावली" प्रथम शतक की हिन्दी टीका समाप्त हुई ।

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

शिवप्रतापविरुदावली

(शिवराजविजयनाम द्वितीयशतकम्)

प्रणेता—

काव्यकलारचवासु पुरस्कारविजेता

भारतराज्यप्रतिष्ठित पं० श्रीहजारीलालः शास्त्री

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

❁ समर्पणम् ❁

यैर्धर्मवीरपुरुषैर्निजदेशहेतो-
स्त्यक्तं समस्तनिजजीवनमार्यवीरैः ।
तेषामहं सविनयं स्मृतिपुण्यतीर्थे
हृद्यं सुपद्यकुसुमाञ्जलिमर्पयामि ॥

जिन धर्मवीर पुरुषों ने अपने देश के लिए अपना समस्त जीवन निछावर कर दिया उनकी स्मृतिरूपी पुण्यतीर्थ में विनय पूर्वक (मैं) यह सुन्दर पद्यरूपी पुष्पाञ्जलि समर्पित करता हूं ।

समर्पक—
लेखक

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

विष्णुं यं कथयन्ति वैष्णवजनाः शैवास्तु यं शङ्करं
ब्रह्मेति प्रवदन्ति सन्तपुरुषा वेदान्तिनो ज्ञानिनः ।
कर्त्तेति प्रगदन्ति यं नयविदः कर्मेति मीमांसकाः
सर्वाधारविभूतये भगवते तस्मै नमो ब्रह्मणे ॥१॥

वन्दे मुदा हृदि गुरुं सुतपोविभूतिं
सौम्याकृतिं गुणनिधिं कमनीयकान्तिम् ।
श्रीमद्गुरोः करुणया प्रतनोमि काव्यं
नव्यं नृपेन्द्रशिवराजयशोऽभिजुष्टम् ॥२॥

श्रीवीरसिंहशिवराजसमोऽद्य वीरो
भूतो भविष्यति न भारतभूमिभागे ।
यश्चार्यधर्ममथ संस्कृतिमार्यजातेः
प्राणैः पणैः परिररक्ष स पीतकीर्तिः ॥३॥

वैष्णव लोग जिसे विष्णु कहते हैं, शैव जिसे शिव कहते हैं, वेदान्ती ज्ञानी सन्त जिसे ब्रह्म कहते हैं, न्यायवादी जिसे कर्ता मानते हैं, मीमांसक जिसे कर्मरूप में मानते हैं, उस सर्वाधार (परम) विभूति (सर्वव्यापक परब्रह्म) भगवान् को नमस्कार करता हूँ ॥१॥

मैं सहर्ष तपोविभूति, गुण निधि, सौम्यमूर्ति, अपने गुरु जी को (सर्वप्रथम) नमस्कार करता हूं जिनकी कृपा से महाराजा शिवाजी के यश से (ओतप्रोत) इस प्रस्तुत काव्य की रचना करता हूँ ॥२॥

इस भारत भूमि पर वीर पुरुषों में सिंह रूप महाराजा शिवाजी के समान न (अब तक) कोई (वीर पुरुष) हुआ न आगे होगा। जिस यशस्वी वीर ने आर्य धर्म तथा आर्य संस्कृति की प्राणों की बाजी लगाकर रक्षा की ॥३॥

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

कः सोऽधमो नरपशुः शिवराजवीरं
जानाति यो न हि नृपं नरसिंहरूपम् ।
यस्याद्भुतामृतमयी प्रियवीरगाथा
सर्वान् पुनाति खलु गाङ्गमिवाम्बु पूता ॥४॥

श्रीविक्रमस्य शतके शुभषोडशान्ते
जातः शिवश्चतुरशीत्यधिके शुभेऽब्दे ।
श्रीशाहमित्रभवने शिवनेरिदुर्गे
दुर्गो ह्यसौ गिरिसमोऽस्ति महासुराष्ट्रे ॥५॥

देवोपमं शिवमसूत शिवं सुमाता
'जीजा'ऽऽयं देशमहिलाग्निमिवारणिः स्वम् ।
श्रीशाहजी स्वसुतजन्ममहोत्सवं च
विप्रान् समर्च्य विधिना विधिना चकार ॥६॥

ऐसा कौन अधम नरपशु होगा जो नरसिंह वीर शिवाजी को नहीं जानता हो। जिसकी अद्भुत अमृतमयी वीरकथा (गंगा जल के समान पवित्र) समस्तजनों को पवित्र करती है ॥४॥

शिवाजी विक्रमीय १७वीं शताब्दी में ८४वें वर्ष (१६८४) में शिवनेरी किले में (श्री शाहमित्र के भवन में) उत्पन्न हुए। जो किला महाराष्ट्र प्रदेश में पर्वत के समान सुदृढ़ था ॥५॥

सुमाता जीजा राणी ने स्वयं जिस प्रकार अरणी (समिधा) अग्नि को पैदा करती है उसी भान्ति देवतुल्य शिवाजी पुत्र को पैदा किया और श्री शाह जी ने पुत्र का जन्मोत्सव विधिपूर्वक ब्राह्मणों की पूजा कर विधिपूर्वक किया। ६॥

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

राजा मुदा बहुविधैरमृतोपमानै-
र्भोज्यैरतीव मधुरैर्हविषान्नपानैः ।
संतर्पयन् द्विजगणान् सहृदक्षिणाभिः
संमानयन् सुनितरां शुशुभे यशस्वी ॥७॥

राज्ञी स्वपुत्रशुभजन्ममहोत्सवे तु
हर्षप्रकर्षभरिता मुदिता द्विजेभ्यः ।
प्रादादवर्घ्यमणिरत्नसुभूषणानि
सन्मङ्गलस्य नितरां शुभसूचकानि ॥८॥

जातो मदीयतनयः 'शिवनेरि'दुर्गे
देव्या सदैव शिवयाधिकृते ह्यभेद्ये ।
तेन स्वपुत्रशुभनाम शिवेति जीजा
देवी शिवासुसदृशं शिवदं व्यधत्त ॥९॥

यशस्वी राजा शाह जी अमृततुल्य मधुर अनेक प्रकार के हवि (घृत) से बने अन्न के भोज्य पदार्थों से ब्राह्मणों को भोजन द्वारा तृप्त कर विपुल दक्षिणाएं देकर ब्राह्मणों को सम्मानित करता हुआ शोभित हो रहा था ॥७॥

और राणी (जीजा बाई) ने अपने पुत्र के शुभ जन्मोत्सव पर परम मुदित हो ब्राह्मणों को अनेक मणि रत्न आभूषण प्रदान किए जो सम्मान के सूचक थे ॥८॥

मेरा पुत्र शिवनेरि दुर्ग में पैदा हुआ । जो किला सदा से शिवा देवी से अधिकृत होने से अभेद्य था । अतः जीजा बाई ने अपने पुत्र का नाम शिवा देवी के अनुरूप शिवाजी रख दिया ॥९॥

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

कार्यं तु कारणगुणाः स्वयमाश्रयन्ते
सत्यं ब्रुवन्ति विबुधा न मुदा वदन्ति ।
बाल्ये शिवः स्वपितृमातृगुणानुरूपः
सर्वत्र तत्र गुणगौरवभाजनोऽभूत् ॥१०॥

'श्रीमालुजीति' शिवराजपितामहेन
बाल्ये शिवोऽश्वसुकलाकुशलो ह्यकारि ।
शस्त्रादिचालनविधावपि शिक्षितश्च
राज्ञां सुनीतिनिपुणोऽग्रगणी बभूव ॥११॥

वीरो महाद्भुतभटो महतां वरिष्ठः
श्रेष्ठः सतां क्षितिभुजां बलिनां बलिष्ठः ।
ज्येष्ठो बलिष्ठपुरुषेषु सुधीर आर्यः
कीर्त्या सदा विजयते शिवराजवीरः ॥१२॥

कारण के गुण कार्य में स्वयं आ जाते हैं। यह विद्वान् सत्य कहते हैं, व्यर्थ नहीं कहते। शिवाजी बचपन में अपने माता-पिता के अनुरूप सर्वत्र गुणों का पात्र बन गया ॥१०॥

शिवाजी के पितामह श्री मालु जी ने बचपन में ही शिवाजी को अश्वचालन कला में कुशल कर दिया और अस्त्र शस्त्र चालन कला में भी दक्ष कर दिया। शिवाजी राजनीति में भी अग्रगण्य हो गया ॥११॥

वीर महान् योद्धा, महान् पुरुषों में श्रेष्ठ, राजाओं में बलवान्, बलवान् पुरुषों में सबसे बड़ा धीर आर्यवीर शिवाजी अपनी कीर्ति से अमर है ॥१२॥

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

राज्ञा शिवेन बहुशोऽधिकृतानि दुर्गा-
ण्यार्येण नीतिनिपुणेन विजित्य शत्रून् ।
दिल्लीश्वरो यवनराडवरङ्गजेबः
कर्त्तव्यमूढ इव चाप विशेषचिन्ताम् ॥१३॥

सर्वत्र तत्र शिवराज्ञि सुशासतीति
मुग्लास्तदा भरतभूपतयः प्रतापम् ।
नो सेहिरे शिवनृपस्य यशोविवृद्धं
नीचाः परोन्नतिमुदीक्ष्य भवन्त्यधीराः ॥१४॥

राज्ञः शिवस्य यशसोऽभिततस्य तेजो-
वृद्ध्याऽभवंश्च यवना विकला इवान्धाः ।
म्लानोन्मुखा भययुताः प्रभया विहीनाः
सूर्योदये भवति चान्ध उलूकवर्गः ॥१५॥

राजनीति निपुण आर्य वीर शिवाजी ने शत्रुओं को जीतकर बहुत से किलों पर अपना अधिकार कर लिया और किंकर्त्तव्यविमूढ़ दिल्लीश्वर औरंगजेब अत्यन्त चिन्तातुर होगया ।।१३।।

राजा शिवा के शासक होने पर भारतीय यवन राजा शिवाजी के फैले हुए यश को न सह सके । ठीक है नीच पुरुष दूसरों की उन्नति को देख अधीर हो जाया करते हैं (यह स्वाभाविक बात है) ।।१४।।

राजा शिवाजी के अत्यधिक यश रूपी तेज की वृद्धि से यवन लोग अन्धों की तरह विकल हो उठे और भयभीत म्लान मुख कान्तिहीन हो गए । ठीक है सूर्योदय होने पर उल्लू पक्षी अन्धा हो जाता है ।।१५।।

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

"औरङ्गजेबनृपते"श्छलनीतिवश्यो
नाभूच्च यो धृतनिशातशिवास्त्रहस्तः ।
सिंहेन तुल्यमथ यस्य तु दृष्टिपातो
धन्यः स वीरपुरुषः शिवराजवीरः ॥१६॥

सद्धर्मसेतुरभवद् नृपनीतिदक्षो
धैर्ये तु यो हिमगिरिः समुदात्तवृत्तः ।
यो भारतीयकुलसंस्कृतिमेरुदण्डो
वीरोऽमरः स जयतात् शिवराजवीरः ॥१७॥

"औरङ्गजेब"नृपतेः कुमतेह्यसाधो-
र्दुर्नीतिपाशवशगां शतधा विछिन्नाम् ।
हिन्दुत्वसंस्कृतिमथार्यसुसभ्यतां यः
संरक्षति स्म स शिवो मनसाभिनन्द्यः ॥१८॥

और शिवाजी पैना त्रिशूल हाथ में लिए औरंगजेब की कपट-नीति के वश में नहीं हुआ। उस वीर पुरुष शिवराज को धन्य है ॥१६॥

जो शिवाजी सद्धर्म का सेतु था, नीतिदक्ष था, धैर्य में हिमालय के तुल्य था, सच्चरित्र था, भारतीय परम्परागत संस्कृति का सुमेरु दण्ड था, वह शिवाजी सदा से विजयी व अमर है ॥१७॥

जिस वीर शिवा ने असाधु कुमति राजा औरंगजेब की कुनीति पाश के वशीभूत अतएव छिन्न भिन्न हिन्दु संस्कृति व सभ्यता की रक्षा की। वह वीर शिवाजी सदा श्लाघनीय है ॥१८॥

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

"औरङ्गजेब"नृपतिः शिवराजभीतो
रात्रिंदिवं न लभते स्म सुखेन निद्राम् ।
स्वप्नेऽप्यसौ नृपशिवं धृतशूलहस्तं
दृष्ट्वा महाभययुतः पतति स्म तल्पात् ॥१९॥

किं वर्णयामि शिवराजनृपस्य गाथां
दिव्यां सुधारसभरां हृदयाभिरामाम् ।
श्रुत्वा तु यां हृदि भटा मुदमभ्युपेयु-
र्भीतास्त्वघोरपुरुषा व्यथिता भवेयुः ॥२०॥

राजैकदा तु यवनः शिवराजवीर-
माहूतवान् स्वभवने कपटाभ्युपेतः ।
आगत्य तत्र शिवराज उपायनानि
ह्यौरङ्गजेबविहितानि जहौ सगर्वम् ॥२१॥

राजा औरंगजेब शिवाजी से भयभीत हुआ दिन रात सुख से नीन्द नहीं पाता था और वह स्वप्न में त्रिशूलधारी शिवाजी को देख भयभीत हुआ तल्प (चारपाई) से नीचे गिर पड़ता था ॥१९॥

अमृतमयी, हृदय को प्यारी, राजा शिवाजी की दिव्य कथा का क्या वर्णन करूं । जिसे सुनकर वीर पुरुष आनन्दित होते हैं। कायर पुरुष जिसे सुन भयभीत हो पीड़ित हो उठते हैं ।२०॥

एक बार राजा औरंगजेब ने कपट से शिवाजी को बुलाया और शिवराज ने आकर औरंगजेब से दी गई उपायन वस्तुएं गर्व से ठुकरा दी ॥२१॥

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

कृत्वाट्टहासमशिवं शिवराजवीर-
श्चौरङ्गजेबनृपतिं भयभीतमूचे ।
रे दुष्ट! पामर! महाधम! पापवृत्ते!
नेच्छामि गर्ह्यमिदमद्य तवोपहारम् ॥२२॥

त्वं कोऽसि राज्यमिदमस्ति विभूतिरस्त्वं
सर्वं धरातलमिदं तु मदीयमस्ति ।
त्यक्त्वाऽद्य भारतमहीं झटिति प्रयाहि
नोचेद् विनंक्ष्यसि शिवेति जगाद वीरः ॥२३॥

उक्त्वेति धीरपुरुषः शिवराजवीर-
स्त्यक्त्वाऽऽशु राजसदनं सहसा जगाम ।
"औरङ्जेब"नृपतिस्तु भयाभिभूतो
म्लानोन्मुखः शिवबधाय कृतोद्यमोऽभूत् ॥२४॥

और वीर शिवाजी अट्टहास करते हुए भयभीत औरंगजेब से बोला । रे पामर दुष्ट महाधम पापी ! तेरे इस निन्दनीय उपहार को मैं नहीं लेना चाहता ॥२२॥

रे तू कौन है ? यह सब राज्य विभूति मेरी है और यह समस्त पृथ्वी मण्डल मेरा है । तू शीघ्र अब इस भारत भूमि को छोड़ चला जा, अन्यथा मारा जाएगा । इस प्रकार वीर शिवाजी बोला ॥२३॥

इस प्रकार कहकर धीर वीर शिवाजी राजभवन को छोड़ एकदम चला गया । भयभीतमुख कान्तिहीन औरंगजेब शिवाजी के वध हेतु प्रयत्नशील होने लगा ॥२४।

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

सर्वत्र दिक्षु शिवराजवधाय दूतान्
गुप्तान् स राजपुरुषांश्च समादिदेश ।
दूतास्तु गुप्तविधिभिर्विविधैर्न शेकु-
र्हन्तुं सुधीरपुरुषं शिवराजवीरम् ॥२५॥

धृत्वा करालपरिघं शिवराजवीरो
ह्यारुह्य चाश्वमथ दिग्विजये प्रतस्थे
दुर्गाणि वैभवयुतानि विजित्य शक्त्या ।
राज्यं स्वकं दृढ़तमं कुरुते स्म धीरः ॥२६॥

श्रुत्वैकदा जनमुखात् शिवराजवीरो
बोभूयमानमथ गोवधमिन्द्रपुर्याम् ।
आदाय घोरपरिघं त्वहिकालरूपं
गत्वाऽऽशु तत्र निजघान खलांस्त्वसंख्यान् ॥२७॥

और शिवाजी का वध करने के लिए (औरङ्गजेब ने) सब दिशाओं में गुप्त राजदूतों को भेजने की आज्ञा दे दी । गुप्तचर अनेक विधियों से धीर वीर शिवाजी को मारने में सफल न हो सके ॥२५॥

वीर शिवाजी तेज धार तलवार को हाथ में ले और घोड़े पर चढ़कर दिग्विजय के लिए चल पड़ा । अपनी शक्ति से अनेक वैभवयुक्त किलों को जीत लिया और अपने राज्य को सुदृढ़ बना लिया ॥२६॥

एक बार शिवाजी ने दिल्ली में गोवध होता है यह बात लोगों के मुख से सुन सर्प के समान कालरूप भयंकर तलवार को ले, दिल्ली में जाकर अनेक गोवध करते हुए) यवनों को मौत के घाट उतार दिया ॥२७॥

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

ज्ञात्वेति वीरशिवराजकृत ह्यकार्यं
दिल्लीश्वरोऽनयरतः परितप्यमानः ।
कर्त्तव्यमूढमतिरार्यशिवं निहन्तुं
शोचन् दिवानिशमसौ बहुचिन्तितोऽभूत् ।। २८।।

हा ! हा ! लपन्त''मफजल्ल'' सुहृत्तु तस्य
दृष्ट्वा नृपं शिवकृपाणभयादशान्तम् ।
संदर्शनार्थमभितो निजराजभक्तिं
हन्तुं शिवं कपटवेशधरो ह्यगच्छत् ।।२९।।

रक्ताधरं मदविघूर्णितनेत्रयुग्मं
चान्तर्विष कनककुम्भमिवोज्ज्वलन्तम् ।
दूराद् ददर्श यवनं यवनाधिराजं
साक्षाद् यमेन सदृशं शिवराजवीरः ।।३०::

दिल्लीश्वर शिवाजी से की गई मारधाड़ को जान अनीतिज्ञ सन्तप्तहृदय किंकर्त्तव्यमूढ़ शिवाजी को मारने के लिए रात दिन सोचने लगा ।।२८।।

राजा (औरङ्गजेब) का परम सुहृत् अफजलखां हाय ! हाय ! विलाप करते हुए, शिवाजी की तलवार से भयभीत राजा औरङ्गजेब के आगे अपनी राजभक्ति दिखाने के लिए कपटवेश बना शिवाजी को मारने के लिए चल पड़ा ।।२९।।

शिवाजी ने लाल जिसका अधर है, मद से पूर्ण जिसके नेत्र हैं, विष भरे सोने के घड़े के समान जो चमक रहा था, ऐसे उस यवनराज अफजलखां को साक्षात् यमराज के समान देखा ।।३०।।

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

शैवोऽपि साहसबलेन बलेन सार्धं
सज्जो दधार दृढसिंहनखं सुगुप्तम् ।
आयान्त"मफ्जल"वरस्य वरं च दूतं
दृष्ट्वा तमाह कथमद्य समागतोऽसि ॥३१॥

दूतोऽपि नीतिनिपुणः शिरसाभिवन्द्य
शैवं नृपं सविनयं प्रतिवक्तुमूचे ।
राजन् ! त्वया सह विधातुमनाः सुसन्धि-
माया"त्यफज्जल"महान् तव दर्शनार्थम् ॥३२॥

सन्धिं विधातुमफजल्लमहानुभाव-
मायान्तमार्यपुरुषः शिवराजवीरः ।
दृष्ट्वाऽऽसनादिकमदाद् बहुमानपूर्व-
मातिथ्यमार्यविधिना विदधे विधिज्ञः ॥३३॥

शिवाजी भी बड़े साहस से दृढ़ सिंहनख (बघनखा) गुप्त रूप से धारण कर तैयार होगया और (सामने आते हुए) अफजलखां के दूत को देखा और कहा श्रीमान् जी(जनाब)कैसे आना हुआ ॥३१॥

नीतिज्ञ दूत झुककर सलाम कर शिवाजी से सविनय बोला ! हे राजन् ! अफजलखाँ महोदय सन्धि करने की इच्छा से आपके दर्शनार्थ आ रहा है ॥३२॥

आर्यपुरुष शिवराज ने सन्धि करने के लिए आए हुए श्री अफजल खान को देखकर सम्मानपूर्वक उसे आसन दिया और विधिपूर्वक उसका अतिथि सत्कार किया ॥३३॥

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

सम्मानयन्ति सुजना विविधोपहारै-
र्गेहागतं रिपुजन ह्यपि मानपूर्वम् ।
किन्तूद्धत: खलजनो बहुसत्कृतोऽपि
जह्यान्न निम्बतरुवत् स्वकटुत्ववृत्तिम् ॥३४॥

सम्मानमाप्य शिवराजकृत स धूर्तो
हन्तुं शिवं हतमतिः कुमतिं दधार ।
उत्थाय गाढमुरसा शिवराजवक्ष-
श्चालिङ्गितुं करयुगं विततं चकार ॥३५॥

निष्पीड्य बाहुयुगलेन शिवस्य वक्षो
गाढं ममर्द स खलः शिवराजवीरम् ।
ध्यात्वा गुरुं हृदि शिवस्तमसत्तमान्धं
क्रुद्धो मृगेन्द्र इव सिंहनखैर्ददार ॥३६॥

सज्जन पुरुष घर में आए हुए शत्रुजन का भी अनेक उपहारों से सम्मान करते हैं। किन्तु दुष्ट असज्जन पुरुष बहुत सत्कार पाकर भी नीम के वृक्ष की भांति अपने कटु स्वभाव को नहीं छोड़ता ॥३४॥

वह धूर्त्त (अफजल खां) शिवाजी से आतिथ्य सम्मान पाकर शिवाजी को मारने के लिए कुबुद्धिग्रस्त होगया और उठकर अपनी छाती से वीर शिवाजी की छाती का खूब आलिङ्गन करने के लिए दोनों हाथों को फैलाया ॥३५॥

वह दुष्ट शिवाजी की छाती को अपनी बाहुओं से खूब दबाकर मर्दन करने लगा। और महाराज शिवाजी ने हृदय में अपने गुरु का ध्यान धर उस असत्तम अन्धे को क्रोधित सिंह की तरह अपने पहने हुए बघनखे से फाड़ डाला ॥३६॥

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

शैवोऽवरङ्गनृपतेः परमं सुमित्र
शैवं जिघित्सुमसिना धृतकौक्षिकेयम् ।
आलिङ्ग्यमानमफल्लमथो जघान
धन्यः स लोहपुरुषः शिवराजवीरः ॥३७॥

यत्ने कृतेऽपि बहुले स हताश आसीद्
दिल्लीपतिर्हतमतिर्निजकार्यसिद्धौ ।
चान्ते शिवस्य जनके निजमन्त्रिवर्ये
श्रीशाहजीसुपुरुषे कुमतिं चकार ॥३८॥

श्री "शाहजी" सुपुरुषं विनयस्य मूर्तिं
वन्दीचकार हतधी"रवरङ्गजेबः" ।
प्रायो विपत्तिसमये महतां मनांसि
दुःसंगपङ्कमलदोषमनुव्रजन्ति ॥३९॥

शिवाजी ने औरंगजेब के परम मित्र जो छुरी धारण किए हुए था और शिवाजी को तलवार से मारना चाहता था. आलिङ्गन करते उस दुष्ट अफजलखान को मौत के घाट उतार दिया। लोह पुरुष वीर शिवाजी को धन्य है ॥ ३७ ॥

दिल्लीपति हतबुद्धि औरंगजेब अपनी कार्यसिद्धि में प्रयत्न करने पर भी हताश हो गया। अन्त में अपने राजमन्त्री शिवाजी के पिता सत्पुरुष श्री शाहजी में अनेक कुत्सित विचार करने लगा । ३८ ॥

हतबुद्धि औरंगजेब ने विनय की मूर्ति सत्पुरुष श्री शाहजी को कैद में डाल दिया। ठीक है प्राय विपत्ति में महान् पुरुषों के मन भी कुसंग रूपी पंक से मैले हो जाते हैं ॥ ३९ ॥

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

ज्ञात्वा शिवः स्वपितरं नृपबन्धनस्थं
सद्योऽवरङ्गनृपतेर्भवनं जगाम ।
राजाऽऽगतं नृपशिवं सुविलोक्य दूरात्
सम्बध्यतामिति शिवं दिशति स्म भृत्यान् ॥४०॥

राज्ञो निदेशवशगा नृपकिंकराश्च
वीरं शिवं सुनिगडैः परितो बबन्धुः ।
कारागृहे नृपशिवं विनिपात्य भृत्या
राजाज्ञयाऽथ मुमुचुः शिवराजतातम् ॥४१॥

"श्रीशाहजी" सुपुरुषो हि महानुभाव-
स्त्यक्त्वा स्वशिष्टपदमाशु गतः स्वगेहे ।
वीरः शिवः स्वजनकं परिभाव्य मुक्तं
वन्दीगृहस्य परितापममंस्त चाल्पम् ॥४२॥

शिवाजी अपने पिता को राजा का बन्दी जानकर औरंगजेब के भवन में पहुँचा और औरंगजेब ने दूर से शिवाजी को आते देख शिवाजी को पकड़ो २ यह नौकरों को आज्ञा दी ॥४० ॥

राजा की आज्ञा में बन्धे हुए राजकिंकरों ने वीर शिवाजी को निगडों (हथकड़ियों) से चारों तरफ से बांध दिया और नौकरों ने राजा शिवाजी को कारागार में डाल दिया। फिर राजा की आज्ञा से शिवाजी के पिता को छोड़ दिया ॥ ४१ ॥

सत्पुरुष महानुभाव श्री शाहजी नें अपना विशिष्ट पद छोड़ दिया और अपने घर चला गया। वीर शिवाजी ने अपने पिता को मुक्त जान बन्दीघर के दुःख को किंचित् मात्र भी नहीं समझा ॥ ४२ ॥

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

कृत्वापि वन्दिनमहो ! शिवराजवीरं
दिल्लीश्वरो गतभयो न तथापि भूतः ।
चिन्ताचिताञ्चितवपुः शिवराजभीतो
दैनन्दिनं बहुविधं परिशङ्कते स्म ॥४३॥

वीरः शिवोऽतिसुलभं समयं समीक्ष्य
बन्दीगृहात् स्वकलयाशु विनिर्गतोऽभूत् ।
"औरङ्गजेब"नृपतिस्तु गतः शिवो हा !
ज्ञात्वा विषण्णवदनो विललाप भूरि ॥४४॥

भूपाज्ञया विविधवेशधराः सुवीरा
अन्वेषणाय दशदिक्षु शिवं प्रयाताः ।
पृष्टानुगान् समवलोक्य शिवोऽसिपाणिः
शत्रून् जघान शतशो धृतशूलहस्तान् ॥४५॥

दिल्लीश्वर वीर शिवाजी को कैद में पड़ा जानकर भी निर्भय नहीं हुआ। शिवाजी से भयभीत राजा रातदिन चिता चिन्ता में जलता हुआ बहुत प्रकार से शङ्कितमन रहता था ॥ ४३ ॥

वीर शिवाजी अतिसुलभ समय समझ अपनी चतुराई से बन्दी-घर से निकल गया। और औरंगजेब हाय २ शिवाजी चला गया नष्टकान्ति हुआ बहुत प्रकार से विलाप करने लगा ॥ ४४ ॥

राजा की आज्ञा पा अनेक (कुफिया) वेश बनायें बड़े २ वीर शिवाजी को ढूंढने को चल पड़े। और हाथ में तलवार खींचे हुए वीर शिवाजी ने पीछे २ सैंकड़ों आने वाले शत्रुओं को देख (जिन के हाथ में भाले थे) उन्हें मौत के घाट उतार दिया ॥ ४५ ॥

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

इत्थं मृगेन्द्र इव मन्युमपेयिवांश्च
वीरः शिवोऽतिभयदं परिघ दधानः ।
सन्तापयन्नरिदल विचचार धीरो
रात्रौ दिवा च गिरिगह्वरकन्दरासु ॥४६॥

"जीजा"सुतोऽग्निरिव दीप्तियुतोऽप्युदारः
सिंहोपमां वपुषि साहसतामुपेतः ।
रौद्रीं तनुं परिदधद् धृतशूलपाणि-
र्दस्योर्दलेन सह संयुयुधे रणेषु ॥४७॥

स्वीयेन साहसबलेन विजित्य दुर्गा-
ण्यादाय बाहुबलतो द्विषतां विभूतीः ।
राज्यं स्वकं च खलु दक्षिणभारतेऽसौ
कर्तुं शशाक सुदृढं शिवराजवीरः ॥४८॥

इस प्रकार सिंह की भान्ति क्रोधित हुआ भयङ्कर खड्ग लिए वीर शिवाजी शत्रुदल को तपाता हुआ रात दिन पहाड़ों की अन्धकारमयी गुफाओं में घूमता था ॥ ४६ ॥

जीजाबाई का पुत्र अग्नि की तरह चमकता हुआ उदार वीर शिवाजी सिंह की उपमा को प्राप्त हुआ अपना भयङ्कर रूप बना त्रिशूल हाथ में लिए शत्रु दल के साथ अनेक युद्धों में भिड़ता था ॥४७॥

और वीर शिवाजी ने अपने साहस बल से अनेक किले जीत कर और शत्रुओं की संपत्तियां छीनकर दक्षिण भारत में अपनी राज्यसत्ता को दृढ़ बना लिया ॥ ४८ ॥

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

श्रुत्वाऽऽगतो नृपशिवो ह्यरयोऽतिभीता
हित्वा गृहान् गिरिगुहासु गताः सकान्ताः ।
कन्दैः फलैर्वनभवैरुदरं प्रपूर्य
निन्युर्दिनानि शिवराजमृगेन्द्रभीताः ॥४९॥

नार्यस्तु या विविधभोगरताः सकान्ता
हर्म्येष्ववात्सुरनिशं द्विषतां स्मितास्याः ।
नासंश्च ताः सुनितरां शिवराजभीता
रात्रिं दिवं गिरिगुहां तु विहातुकामाः॥५०॥

कान्ताश्च या यवनवंशभवाः सगर्वा
रत्नादिभूषणसुभारनता बभूवुः ।
ता ह्यार्यवीरशिवराजभयाभिभूता
आसन् नतास्त्वधिवन क्षुधिता भ्रमन्त्यः॥५१॥

वीर शिवाजी आगया यह सुन शत्रु लोग भयभीत हुए अपने घरों को छोड़ अपनी स्त्रियों को साथ ले पहाड़ों की गुफाओं में जा छिपे। और शिवराज सिंह से भयभीत शत्रु लोग वन के कन्द मूल खाकर (पेट भर) दिन बिताते थे ॥ ४९ ॥

जो शत्रुओं की स्त्रियां रात दिन महलों में बैठी हंसती हुई अनेक पदार्थ खाती थीं वे शिवाजी से भयभीत दिन रात पहाड़ों की गुफाओं को छोड़ना नहीं चाहती ॥ ५० ॥

यवन वंश में पैदा हुई बड़ी मरोड़ रखनेवाली अनेक रत्नाभरणों के भार से झुकी हुई जो स्त्रियां थीं वे आर्यवीर शिवाजी के भय से वन २ मारी-मारी भटकती फिरती हैं और अत्यन्त कृश होकर झुक गई हैं ॥ ५१ ॥

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

हर्म्येषु यास्तु नवनीतसुकोमलाङ्ग्यः
शय्यासु कान्तसहिताः सुषुपुर्यवन्यः ।
त्यक्त्वा गृहाणि वनिताः शिवभीतितस्ता
वन्यस्थलीषु विषमासु च शेरते स्म ॥५२॥

याः काश्च काञ्चनसुभूषणभूषिताङ्ग्यः
संभुञ्जते स्म भवनेषु सुखेन भोगान् ।
नग्नाश्च ताः शिवभिया विपिनेष्ववसीदन्
शीतार्दिता यवनजा वनिताः क्षुधार्ताः ॥५३॥

इत्थं शिवस्य नृपतेर्दशदिक्षु दीप्तं
सर्वत्र भारतभुवि प्रससार तेजः ।
यत्तेजसा च कुधियो द्विषतो बभूवु-
रन्धा उलूकसदृशा शममीयुरार्याः ॥५४॥

जो मुसलमानियां मक्खन से कोमल शरीर वाली महलों में अपने पतियों के साथ सेजों पर सोती थीं वे आज अपने घरों को छोड़ वीर शिवाजी के भय से ऊंची नीची वन भूमियों में सो रही हैं। ५२॥

और जो सोने के जेवरों से चमकती हुई (शत्रु स्त्रियां) महलों में अनेक भोग भोगती थीं वे शिवाजी के भय से नग्न, जाड़े से कांपती, भूखी प्यासी महा दुःखी हो रही थी ॥ ५३ ।

इस प्रकार महाराजा शिवाजी का प्रताप भारत में दश दिशाओं में फैल गया। जिस तेज से कुबुद्धि शत्रु लोग उल्लुओं के समान अन्धे होगए। आर्यपुरुषों को शान्ति मिली ॥ ५४ ॥

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

"औरङ्गजेब"नृपतिर्न शिवो बभूव
वश्यो ममेति किमु हा ! नृपजीवनं मे ।
हा! धिक् च मां च मम वैभवशालितां वा
चक्रन्द चेत्थमथ भूपतिरार्त्तकण्ठः ।।५५।।

"औरंगजेब"नृपतिः शिवबन्धनार्थं
शाइस्तखें"ति निजमातुलमादिदेश ।
"शाइस्तखां" तु बहुसैन्यदलेन सार्धं
योद्धुं सुधीरशिवराजमुखी बभूव ।।५६।।

पूनेति नामनगरीं शिवराजधानीं
"शाइस्तखां" बलयुतः परितो रुरोध ।
ज्ञात्वा पुरीमरिगणैरभितोऽवरुद्धां
शैवोऽपि योद्धुमरिभिः पुरतो जगाम ।।५७।।

औरंगजेब (राजा) शिवाजी मेरे वश में नहीं हुआ । हाय ! ऐसे मेरे जीवन से क्या ! हाय ! मुझे धिक्कार है, और मेरी वैभवशालिता को धिक्कार है । इस प्रकार राजा रुद्धकण्ठ से विलाप करने लगा ।। ५५ ।।

राजा औरंगजेब ने शिवाजी को पकड़ने के लिए अपने मामा 'शाइस्ताखाँ" को (बड़ी भारी सेना दे) आज्ञा दी । और "शाइस्ता खाँ" युद्ध करने के लिए धीर वीर शिवाजी से जा भिड़ा ।। ५६ ।।

और शाइस्ताखाँ ने (बड़ी भारी सेना ले) जहाँ शिवाजी की राजधानी थी ऐसी पूना नाम नगरी को चारों ओर से जा घेरा । शत्रुओं से चारों तरफ घिरी नगरी को जान वीर शिवाजी भी शत्रुओं से युद्ध करने के लिए नगर से बाहर निकला ।। ५७ ।।

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

धृत्वा सुसाहसमथो शिवराजवीरो
नानायुधैः परिवृतस्तुरगाधिरूढः ।
सिंहो यथा मृगगणं च तथा ह्यरातेः
सेनां क्षणेन महतीं कवलीचकार ॥५८॥

"शाइस्तखानयवनस्य तु युद्धभूमौ
सेना शिवस्य परिघेण हता विनष्टा ।
शेषा महाभययुता दशदिक्षु याता
किं वर्णयामि शिवराजसुयुद्धदाक्ष्यम् ।५९।

पृष्ठानुगैः कतिपयैः प्रियसैनिकैश्च
संरक्ष्यमाण इभराडिव दीप्यमानः ।
वीरः शिवो गतभयो धृतशूलहस्तो
युद्धाङ्गणे सुशुशुभे मृगराडिवाढ्यः ।।६०।।

फिर बड़ा साहस धारण कर घोड़े पर चढा, हथियारों से युक्त वीर शिवाजी जैसे शेर मृगों को ग्रास बनाता है, उसी प्रकार भारी शत्रु सेना को ग्रास बनाने लगा ॥ ५८ ॥

यवनराज शाइस्ताखाँ की सेना युद्धभूमि में शिवाजी की तलवार से छिन्नभिन्न हो नष्ट होगई । और शेष बची सेना दश दिशाओं में भाग निकली । वीर शिवाजी की युद्ध चतुराई का क्या वर्णन करूं ॥ ५९ ॥

पीछे चलने वाले कुछ सैनिकों के साथ सुरक्षित ऐरावत हाथी की तरह देदीप्यमान त्रिशूलधारी वीर शिवाजी युद्धभूमि के आँगन में शेर की तरह शोभित हो दहाड़ रहा था ॥ ६० ॥

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

"जीजा"सुतस्य भयदेन भयङ्करेण
खड्गेन वीरपुरुषैस्तु हतैः सहस्रैः ।
मुण्डैश्च शोणितमयैर्वसुधा समस्ता
सर्वत्र शोणितमयी परिदृश्यते स्म ॥६१॥

कृत्वोच्चगर्जनमसौ शिवराजसिंहः
शाइस्तखानसुभटांस्तु वृकोपमेयान् ।
युद्धेऽबधीत् कृतकरालमुखः सुकेशी
शेषास्तु वीरशिवराजभयादधावन् ॥६२॥

केचिद्विनिकृत्तवदनाः पतिता धरायां
केचिद्रणाङ्गणमपास्य गता ह्यदृश्यम् ।
इत्थं शिवस्य नृपतेर्विजयातिघोषः
सर्वत्र तत्र भुवने प्रससार सद्यः ॥६३॥

शिवाजी के भयङ्कर खड्ग से हजारों मरे हुए बहादुरों व खून से रंगे हुए हजारों शिरमुण्डों से समस्त पृथ्वी सब जगह खून से रंगी हुई दिखाई पड़ रही थी । ६१ ॥

वीर शिवराजसिंह ने उच्चगर्जना से भेड़ियों के समान शाइस्ताखाँ के योद्धाओं को मार गिराया कुछ बचे हुए शिवाजी के भय से भाग गए । शिवाजी का मुख उस समय बड़ा देदीप्यमान था । सुन्दर केश थे ॥ ६२ ॥

कुछ योद्धा जिनके मुख कट गए पृथ्वी पर जा पड़े । कुछ युद्ध-भूमि को छोड़ अदृश्य हो गए । इस प्रकार शिवाजी का विजयघोष सर्वत्र भूमण्डल पर तत्काल फैल गया ॥ ६३ ॥

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

चम्वां शिवस्य धृतकार्मुकखड्गशूलाः
सेनाधिपा हयगजेष्वधिरुह्य वीराः ।
धृत्वाऽऽशु साहसमहो ! यवनीयसेनां
पूनेति नामनगरे शतधा निजघ्नुः ॥६४॥

शाइस्तखानतनयं शिवराजवीरो
योयुध्यमानमबधोदसिनातिरुष्टः ।
शाइस्तखानमपि तीव्रपरश्वधेन
हन्तुं शिवः प्रकुपितश्च कृतोद्यमोऽभूत् ॥६५॥

हा हा !लपन्तमथ तं यवनाधिराजं
मा मा जहीति सततं प्रलपन्तमार्तम् ।
शैवो दयार्द्रहृदयो न जघान दीनं
मत्वाऽबला हतसुता विधवेति मा भूत् ॥६६॥

शिवाजी की सेना के सिपाहियों ने हाथी घोड़ों पर चढ़ बड़ा साहस प्राप्त किया और पूना नगर में यवन सेना को तीतर-बीतर कर डाला ॥ ६४ ॥

अतिरुष्ट हुए वीर शिवाजी ने तलवार से युद्ध करते हुए शाइस्ताख़ाँ के पुत्र को मार दिया और कुछ क्रुद्ध हो शिवाजी तेज-धार बर्छे से शाहस्ताखाँ को भी मारने के लिए तैयार हो उठे ॥६५ ॥

फिर मुझे मत मारो लगातार प्रलाप करते हुए दुःखी दीन (पुत्र मारे जाने से) शाइस्ताखाँ को दया से पिंघले हुए शिवाजी ने हतपुत्र इसकी स्त्री विधवा न हो यह समझ छोड़ दिया ॥ ६६ ॥

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

इत्थं शिवस्य समरे जयघोषनादं
श्रुत्वारयो दशदिशासु गता बिभीताः ।
राजा शिवो विजयहर्षभरोऽतिहृष्टो
राज्यप्रबन्धमकरोद् नृपनीतिदक्षः ॥६७॥

"पूने"ति नामनगरे नयनाभिरामे
वीरः शिवः समकरोद् निजराजधानीम् ।
शासन् प्रजां नयपुरःसरमार्यदेशे
कुर्वन् प्रजासु समतां कुरुते स्म राज्यम् ॥६८॥

भूपे शिवे नयरते बहुविश्रुते च
संशासति स्वजनतां प्रियभारतेऽस्मिन् ।
सर्वत्र शान्तिरभवद् न तु भीतिरीतेः
स्वर्गायते स्म खलु भारतभूमिखण्डम् ॥६९॥

इसप्रकार युद्ध में शिवाजी का जयघोष (नारा) सुनकर शत्रु लोग दश दिशाओं में भाग गए फिर विजय से हर्षित राजा शिवाजी ने (जो बड़ा नीतिकुशल था) साथ २ समस्त राज्य का प्रबन्ध कर दिया ॥ ६७ ॥

और वीरशिवाजी ने रमणीय पूना नामक नगर में अपनी राजधानी स्थापित कर दी । इसप्रकार नीतिपूर्वक शिवाजी आर्यदेश में समानदृष्टि से प्रजा का पालन करते हुए राज्य करने लगा ॥ ६८ ॥

नयरत सर्वत्र प्रख्यात महाराजा शिवाजी के भारतदेश में प्रजा पर शासन काल में सब जगह शान्ति थी, कहीं पर भी ६ प्रकार की जो ईतियां है उन का भय नहीं था । यह भारतभूमिखण्ड (उस समय) स्वर्ग के समान था ॥ ६९ ॥

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

काले ववर्ष जलदश्चलति स्म वायु-
र्मोदावहः सुखकरः समयानुकूलः ।
आसीच्च भारतमही धनधान्यपूर्णा
नीत्या प्रजां शिवनृपे परिशासतीति ॥७०॥

राज्ये विशिष्टपदमापुरतिप्रवीणा
विप्रा विशालहृदया नृपनीतिदक्षाः ।
दृष्टिः प्रजासु च शिवस्य समा सदासीद्
राज्ये प्रजा गतभया मुदिता बभूव ॥७१॥

हर्म्ये स्थिता परिनिरीक्ष्य तु सिंहदुर्गं
"जीजै"कदा स्वतनयं शिववीरमूचे ।
त्वं चासि मे यदि सुतो विजयस्व दुर्गं
नो चेत् शपामि शृणु रे न मृषा वदामि ॥७२॥

समय पर वर्षा होती थी, आनन्दप्रद, सुखकर समयानुकूल वायु चलती थी। समस्त भारतमही धनधान्यपूर्ण थी। जब कि शिवाजी महाराज प्रजा पर नीति से शासन करते थे ॥ ७० ॥

शिवाजी के राज्य में विशेषाधिकार पद राजनीतिकुशल उदारहृदय वेदज्ञ ब्राह्मणों को सोंपा जाता था। राजा की प्रजा पर समान दृष्टि थी। प्रजा निर्भय तथा मुदित रहती थी ॥ ७१ ॥

एकबार महल में बैठी हुई जीजाबाई ने सिंहलदुर्ग को देखकर अपने पुत्र शिवा से कहा। तू अगर मेरा पुत्र है तो सिंहल दुर्ग को जीत। नहीं तो तुझे शाप दूंगी। रे सुन मैं मिथ्या कभी नहीं बोलती ॥ ७२ ॥

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

राजा शिवः स्वजननीवचनानुरोधाद्
दुर्गं तु सिंहस्थ जेतुमियेश कामम् ।
"तानाजिनं" स्वसुहृदं निजकार्यसिद्धौ
दक्षं भटं भटवरं मनसा त्वमंस्त ॥७३॥

आहूतवान् स्वजननीवचनानुबद्ध-
स्तानाजिनं निजजनं शिवराजवीरः ।
दृष्ट्वागतं स्वसुहृदं प्रति चाचचक्षे
दुर्गं विजित्य निजगौरवमाशु रक्ष ॥७४॥

श्रुत्वा वचः स्वसुहृदः प्रणिपत्य मित्रं
तानाभटः समकरोत् सुदृढ़ां प्रतिज्ञाम् ।
यावज्जयो न भविता मम सिंहदुर्गे
तावद् गृहं प्रति पुनर्न निवर्तयिष्ये ॥७५॥

अपनी माता के वचनानुरोध से शिवाजी ने सिंहल दुर्ग को जीतने की इच्छा प्रगट की.- अपनी इस कार्यसिद्धि के लिए अपने परममित्र महान् योद्धा तानाजी को स्मरण किया ॥ ७३ ॥

फिर शिवाजी ने अपनी मां के आग्रह से अपने स्वजन (बन्धु) तानाजी को बुलाया और मित्र को आया देख अपने मित्र से बोले (हे मित्र) दुर्ग को जीत कर अपने गौरव की रक्षा करो ॥ ७४ ॥

तानाभट ने अपने मित्र (शिवाजी की) बात सुन और उन्हें प्रणाम कर यह दृढ़ प्रतिज्ञा की । जब तक मैं सिंहल दुर्ग को नहीं जीत लूंगा तब तक वापिस घर को नहीं लौटूंगा ॥ ७५ ॥

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

कृत्वा स सिंह इव गर्जनमार्यवीर-
आक्षोहिणीपरिवृतो विजयाय यातः ।
संप्राप्य शत्रुगणदुर्गमथो निशीथे
तानाभटो निजभटान् प्रति संबभाषे ॥७६॥

वीरोऽस्ति को मम भटेषु महान् सुयोद्धा
यः सिंहदुर्गमधिरुह्य सुसाहसेन ।
ज्ञात्वा ह्यरातिदलवृत्तमुदारवृत्त
आयात् स तूर्णमिति मे मनसो विचारः ॥७७॥

तानाज्ञया धृतसुसाहसकाः सुवीरा
दुर्गावरोहणविधौ सफला न भूताः ।
अन्ते स्वयं शिवसखा सहसाऽऽरुरोह
दुर्गं ह्यरातिगणजुष्टमहोऽत्यगम्यम् ॥७८॥

तानाजी सिंह की गर्जना कर बहुत सी सेना अक्षौहिणी समेत विजय के लिए चल पड़ा और आधीरात के समय शत्रु के दुर्ग पर पहुँच तानाजी अपने योद्धाओं से बोला ॥ ७६ ॥

मेरे योद्धाओं में कौन ऐसा वीर योद्धा है जो बड़े साहस से सिंहदुर्ग पर चढ़कर शत्रुदल का वृत्तान्त जानकर मेरे पास जल्दी आ जावे । ऐसा मेरा विचार है ॥७७॥

तानाजी की आज्ञा पर बड़े साहसिकयोद्धा दुर्ग पर चढने में सफल नहीं हुए । फिर स्वयं शिवाजी का परमसखा तानाजी शत्रुओं से सेवित अगम्य किले पर चढ गया ॥ ७८ ॥

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

नेनैव सार्धमतिसाहसमेत्य वीरा-
स्तानाभटस्य सुभटा ह्यवरुह्य दुर्गम् ।
दुर्गस्थितानरबदेशभवाँस्त्वसख्यान्
जघ्नुः पशूनिव खलान् यवनान् बलिष्ठान् ॥७९॥

श्रुत्वाऽधिदुर्गमरिविप्लवजं तु घोषं
क्रुद्धो महानुदयभानुरतिप्रचण्डः ।
दक्षैर्भटैः परिवृतो बहुमांसभोजी
तानाभटेन सह योद्धुमथाऽऽजगाम ॥८०॥

सार्धं तु तेन सहसोपगतांश्च तस्य
पुत्रान् जघान तरसा ह्यसिना सुवीरः ।
"तानाभटो" भटवरो द्विरदाधिरूढः
संतापयन् युधि मनो द्विषतां दिदीपे ॥८१॥

तानाजी के साथ २ बड़ा साहस कर तानाजी के योद्धा भी किले पर चढ़ गए और वहां दुर्गस्थित अरबदेश के रहने वाले असंख्य वीर यवनयोद्धाओं को पशुओं की तरह मारा । ७९॥

महान् उदयभानु (जो हिन्दु होते हुए औरंगजेब से मिल गया था) शत्रुओं का दुर्गाधिरोहण व उनकी मारधाड़ घोष को सुन कर तानाभट के साथ युद्ध करने के लिए आ डटा ॥ ८० ॥

तानाजी ने उसके (उदयभानु के) साथ आए हुए पुत्रों को तलवार से मार दिया । तानाजी हाथी पर चढ़ा शत्रुओं के मन को तपाता हुआ बड़ा शोभित होरहा था ॥८१॥

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

ज्ञात्वा हतानुदयभानुरथो सुतान् स्वान्
धृत्वा करालपरिघं परिदीप्यमानम् ।
क्रुद्धो महाहिरिव मन्युमुपेत्य वेगात्
तानाभटं स्वपरिघेण जघान सद्यः ।।८२ ।

तानाभटे विनिहते परिवृद्धमन्यु-
स्तानाभटस्य खलु मातुल आर्यवृद्धः
आदाय खड्गमथ "सेलरजी" बलिष्ठ
उच्चैर्जगर्ज वनसिंह इवाऽतिदृप्तः ।८३ ।

रे दुष्ट! पामर! महाधम! नीच! पापिन्!
जाताऽधुना किमु मही सुभटैर्विहीना ।
उक्त्वेति "सेलरभटः" परिघेण सद्यः
कायादधो ह्युदयभानुशिरश्चकार ।।८४।।

फिर उदयभानु ने अपने हत हुए पुत्रों को जानकर बड़ी चमकती तलवार को लेकर क्रुद्ध सर्प की तरह बड़े वेग से झपटकर तानाभट को तेज तलवार का शिकार बना दिया ।।८२।।

ताना भट के मारे जानेपर ताना जी का मामा सेलर जी बड़ा क्रुद्ध हो रहा था। खड्ग लेकर वन के शेर की तरह गर्जने लगा ।।८३।।

रे दुष्ट पामर (नीच) महाधम ! क्या ताना जी के मरने पर पृथ्वी बहादुरों से खाली हो गई। यह कहकर तलवार से उदयभानु का सिर धड़ से अलग कर दिया ।।८४ ।

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

सेनाधिपे ह्यु दयभानुभटे हते च
सेना हता दश दिशासु गताऽतिभीता ।
इत्थं शिवस्य सुभटैर्महता बलेन
दुर्गं विजित्य विजयस्य कृतोऽतिघोषः ॥८५॥

आगत्य तत्र शिवराजनृपोऽसिपाणि-
"स्तानाजिनं" समवलोक्य भटं हतं च ।
संतप्यमानहृदयः शिव इत्थमाह
सिंह प्रदाय खलु सिंहलदुर्ग माप ॥८६॥

जित्वा तु सिंहलसमान् बहुशः प्रसिद्धान्
दुर्गान् महाद्भुतभटः शिवराजवीरः ।
सर्वत्र तत्र विदधे निजराज्यसत्ता-
मार्यत्वसंस्कृतिमसौ सुतरां ररक्ष ॥८७॥

सेनापति उदयभानु के मर जाने पर हताश हुई यवन सेना दश दिशाओं में भाग गई । इस प्रकार शिवाजी के योद्धाओं ने किले को जीतकर विजय की घोषणा कर दी ॥८५॥

फिर वहां शिवाजी ने आकर ताना जी को मरा देखकर इस प्रकार कहा, अहो! हमने तो सिंह देकर सिंहल-दुर्ग को पाया ॥८६॥

परम योद्धा महाराज शिवाजी ने सिंहल दुर्ग के समान अनेक किले जीतकर सब जगह अपनी राज्य सत्ता स्थापित की और आर्य संस्कृति की रक्षा की ॥८७॥

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

कृत्वाधिकारमथ "सिंहलनामदुर्गे
वीरः शिवो भटवरो महता बलेन ।
जेतुं महत् सुनगरं "सुरतं" प्रसिद्धं
चैन्द्रीं श्रियं परिदधत् समुदः प्रतस्थे ॥८८॥

जित्वा समस्तनगरं सुविधाय सत्तां
स्वीयां निजेन भुजदण्डबलेन शैवः ।
मुग्लान् निहत्य च बहून् बहुमूल्यजाति
जग्राह रत्नमणिमौक्तिकभूषणानि ॥८९॥

ज्ञात्वेतिवृत्तमतिकोपधरोऽवरंगः
सज्जीचकार विजसैन्यदलेन सार्धम् ।
"दिल्लेरखान"मथ "खानमहावतं" वै
योद्धुं शिवेन सह दक्षिणदिग्विभागे ॥९०॥

फिर सिंहल दुर्ग पर अपना अधिकार करके वीर शिवाजी ने बड़ी सेना समेत प्रसिद्ध "सूरत" नगर पर (विजय के हेतु) चढ़ाई कर दी । जो नगर इन्द्र की लक्ष्मी की शोभा धारण कर रहा था ॥८८॥

समस्त सूरतनगर को अपने भुजदण्ड बल से जीतकर और वहां सारा अधिकार जमाकर मुगलों को मारकर अनेक मणि माणिक्य मोती आभूषणों को ले लिया ॥८९॥

फिर यह समस्त वृत्तान्त औरंगजेब के कर्णगोचर हो गया । राजा ने बड़ी भारी सेना के साथ शिवाजी के साथ लड़ने के लिये दक्षिण भारत में दिल्लेर खां महावत खां को भेजा ॥९०॥

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

युद्धं महत् सुतुमुलं समभूदरीणां
सालेरदुर्गमधि मुग्गलपेशवानाम् ।
वीरप्रताप-प्रियराव-सुमित्र-नीत्या
लेभे शिवः सुविजय विनिहत्य दस्यून् ॥६१ ।

सालेरदुर्गविजये मुगलास्त्वसंख्याः
सेनाधिपाश्च यवना निहता अभूवन् ।
बन्दीकृतास्त्वगणिता न हि चाश्वनागा-
नामनुमानमभवद् युधि संहतानाम् ॥६२॥

श्रीवीरसिंहशिवराजकृपाणभीत-
''औरंगजेब''नृपतिर्न जहौ स्वहर्म्यम् ।
रात्रिं दिवं त्वधिगृहं निवसँस्त्रसन् सः
खादन् पिबन्नपि चलंश्च ददर्श शैवम् ॥६३॥

शत्रुओं के साथ सालेर किले पर मुगलों व पेशवाओं का बड़ा तुमुल (भयंकर) युद्ध छिड़ा। वीर शिवाजी ने वीर प्रताप तथा प्रिय राव सुमित्र की नीति से विजय प्राप्त की। अनेक शत्रुओं को मौत के घाट उतारा ॥६१॥

सालेर दुर्ग की विजय में असंख्य मुगल मारे गए। अनेक यवन सेनापति मारे गए। घायल हुए लोगों की तो गिनती ही नहीं हो सकती ॥६२॥

सिंह रूप शिवाजी की कृपाण से भयभीत राजा औरंगजेब महल को नहीं छोड़ता था। दिन रात घर में रहता हुआ बड़ा व्याकुल था, खाता पीता चलता सामने (स्वप्नवत्) वीर शिवाजी को ही देखता था ॥६३॥

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

दिल्लीपतिर्यवनराट् शिवराजभीत-
श्चान्ते शिवेन सह योद्धुमना न जातः ।
भूमिं शशास खलु दक्षिण भारतस्य
वीरः शिवोऽपरमही "अवरंगजेबः" ॥६४॥

राज्ञः शिवस्य शुभशासनकालमध्ये
जातो न कोऽपि पुरुषो विषयानुरागी ।
सर्वे जना निजनिजेप्सितकार्यसिद्धौ
सिद्धिं गता गतभया मुदिता बभूवुः ॥६५॥

वीरः शिवः शिवकलांशभवोऽरिवर्गं
जित्वाधिकृत्य बहुशोऽरिगणस्य दुर्गान् ।
गोब्राह्मणार्तिहरणाय सदोद्यतो हि
ख्यातिं परामधिगतो द्विजदेवभक्तः ॥६६॥

यवनराज औरंगजेब शिवाजी के साथ युद्ध करने के लिए स्थगित विचारवान् होगया । दक्षिण भारत भूमि पर शिवाजी राज्य करने लगा । शेष भारत भूमि पर औरंगजेब ॥६४॥

महाराज शिवाजी के शासनकाल में कोई विषयानुरागी नहीं था । सब प्रजा अपने २ कार्यों की सफलता में लगी हुई थी तथा निर्भय मुदित मन थी ॥६५॥

वीर शिवाजी शिव शङ्कर भगवान् का अंशावतार था वह शत्रुओं के दुर्गों पर अपना अधिकार जमा गौ ब्राह्मणों की पीड़ा दूर करने में सदा तैयार रहता था । देव द्विजभक्त था । संसार में परम प्रसिद्धि को प्राप्त हुआ ॥६६॥

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

कृत्वा स्वतन्त्रमथ दक्षिणभारतं वै
संस्थाप्य चार्यकुलसंस्कृतिमार्यदेशे ।
सप्ताधिके सुदशके शतके तु षष्टि-
वर्षे शिवः शिवरतः शिवधाम यातः ॥६७॥

सीसौदियेति शुभवंशभवस्य राज्ञो
वीरस्य राजतिलकस्य शिवस्य गाथा ।
धीरेषु राजपुरुषेषु तनोति हर्षं
प्रेम्णाऽऽदृता हृदि धृता त्वधिदेवतेव ॥६८॥

यावद् दिवाकरनिशाकरयोः स्थितिः स्यात्
तावत्क्षितौ नृपशिवस्य यशस्ततं स्यात् ।
द्वित्रा हि सन्ति भुवि ते सुभटाश्च यैस्तु
स्वाहा कृतं निजबलं निजदेशहेतोः ॥६९॥

दक्षिण भारत को स्वतन्त्र कर आर्य देश में आर्य संस्कृति की स्थापना कर विक्रम संवत् १७६० में शिवाजी महाराज शिवभक्ति में रत शिवधाम में पहुंच गए ॥६७॥

सीसौदिया शुद्ध वंश में उत्पन्न वीर राजतिलक शिवा जी की चरित्र गाथा प्रेम से आदर की हुई अधिदेवता की तरह धीर वीर राजाओं में हर्ष उत्पन्न करती है ॥६८॥

जब तक सूर्य चन्द्रमा की स्थिति रहेगी तब तक वीर शिवाजी की कीर्ति पृथ्वी पर फैली रहेगी । संसार में थोड़े ही ऐसे वीर पुरुष हैं जिन्होंने अपने देश के लिए अपना जीवन बल स्वाहा कर दिया ॥ ६॥

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

"शम्भाजी"तनयः शिवस्य समभूज्ज्येष्ठः कनिष्ठः सुतो
राजाराम इति प्रशस्तगुणभाग् जातोऽनुरूपं पितुः ।
राजारामसुतः प्रशस्तविधिभिः सर्वोर्ध्वदेहिक्रियाः
संप्रेतस्य चकार दिव्यनगरे "रायेति" दुर्गे नवे ॥१००॥

श्रीमर्हट्टशिवस्य चारुचरितं युद्धादिगाथान्वितं
राज्ञां नीतिविदां कृतेऽस्ति सततं श्राव्यं सदा हर्षदम् ।
यद्गाथाश्रवणेन रोषभरितः सर्वार्यलोको मुदा
स्वान् प्राणानपि दातुमुत्सुकतरो वर्वर्त्यहो! चापदि ॥१०१॥

विद्यालङ्कारेति विशिष्टपदभाजा कविरत्नश्रीहजारीलाल-
शास्त्रिणा प्रणीते शिवप्रतापविरुदावली-
खण्डकाव्येशिवराज विजयनाम
द्वितीयशतकं समाप्तम् ।

शिवाजी का बड़ा पुत्र शम्भा जी था। छोटा पुत्र राजाराम था, जो पिता के अनुरूप था एवं गुणी था। राजाराम ने अपने पिता की सब और्ध्वदैहिक क्रियाएँ रायगढ़ के किले में सम्पन्न कीं ॥१००॥

श्री मरहटा महाराज शिवाजी का सुन्दर चरित्र युद्धादि कथाओं से ओत-प्रोत है। प्रस्तुत चरित्र नीतिज्ञ राजे महाराजाओं के लिए निरन्तर सुनने योग्य है। हर्षप्रद है। प्रस्तुत कथा सुनकर आर्य जन रोष में भरकर (धर्म के लिए) अपने प्राणों को भी न्यौछावर करने के लिए (आपत्ति काल में) तैयार हो जायेंगे।

शिवप्रतापविरुदावली का (लेखक के सुपुत्र) स्व० श्री भूमानन्द शास्त्री प्रभाकर बी० ए० कृत हिन्दी अनुवाद समाप्त हुआ।

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

विद्यालङ्कारश्रीहजारीलालशास्त्रिणा निर्मितं

संस्कृतसाहित्यम्

१ पञ्चीकरणम् (सटीकम्)

२ कादम्बरीशतकम् (पद्यात्मकमद्भुतम्)

३ षड्दर्शनसिद्धान्तप्रक्रिया-अद्वैतवादश्च

४ संस्कृतमहाकविदिव्योपाख्यानम्

(राज्यसरकारद्वारा पुरस्कृतम्)

५ इन्दिराविजयप्रशस्तिशतकम् (संस्कृतपद्यात्मकमद्भुतम्)

६ शिवप्रतापविरुदावली (शतकद्वेयोपेता संस्कृतपद्यमयी)

७ वाशिष्ठधर्मसूत्रम् (सटीकम्)

८ हकीकतरायनाटकम्

९ महर्षिदयानन्दप्रशस्तिशतकम्

१० सगुणब्रह्मस्तुतिः

११ यजुर्वेदसन्ध्यामन्त्रव्याख्या

प्राप्तिस्थानम्

व्यवस्थापकः

संस्कृत विद्यालय

मु० पो० घिलावड़ छोटी

तहसील गोहाना

जि० सोनीपत (हरयाणा)

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

पुस्तक प्राप्ति के स्थान

१- आत्मस्वरूप ब्रह्मचारी
व्यवस्थापक
लज्जाराम संस्कृत महाविद्यालय
पाण्डुपिण्डारा, जीन्द (हरयाणा)

२- व्यवस्थापक
संस्कृत विद्यालय
मु० पो० घिलावड़ (छोटी)
जि० सोनीपत (हरयाणा)

३- आचार्य प्रकाशन
दयानन्दमठ, रोहतक

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

शिवप्रतापविरुदावलीपुस्तकस्य
राष्ट्रभाषानुवादको मूलपुस्तकलेखकस्य सुपुत्रः
स्वर्गीयः श्री भूमानन्दशर्मा शास्त्री बी० ए०, प्रभाकरः ।

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh